# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर

पत्रांक 6138 / J.J.M / 504 दिनाँक 24/07/2026

**जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति-**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिनाँक 20/07/2026 को विकास भवन कार्यालय में जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की सप्ताहिक समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें निम्नांकित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री कमला शंकर, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)
2. श्री नितेन्द्र पाण्डेय- सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)
3. श्री अभिषेक वर्मा , सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)
4. श्री सी०पी० सिंह-जिला समन्यवक (DPMU)
5. श्री पवन त्रिपाठी-DPM (TPIA)
6. श्री सत्येन्द्र तिवारी-PM (मेमर्स विंध्य टेली लिंक गाजा जेबी)
7. श्री नवनीत सिंह-AM (मेमर्स वेलस्पन कावेरी जेबी)
8. श्री अनुराग कोटिया DTL-TPIA मेधाज।

**समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मेमर्स विंध्य टेली लिंक गाजा जेबी व मेमर्स वेलस्पन कावेरी जेबी के प्रो० मैनेजर को निम्न निर्देश दिये गये –**

1. समीक्षा बैठक में निर्देशित किया गया कि VTL फर्म पेयजल योजनाओं पर तैनात गार्ड एवं पम्प ऑपरेटर का 10 माह का अवशेष मानदेय प्रत्येक दशा में दिनांक 26.07.2026 तक भुगतान करे तथा VTL कम्पनी के स्टेट हेड को पत्राचार कराया जाना सुनिश्चित करें।
2. दोनों फर्म केन्द्र सरकार द्वारा निर्गत गाइड लाइन के अनुसार 37 एकल पेयजल योजनाओं का निर्माण प्रत्येक दशा में माह अक्टूबर तक किया जाना सुनिश्चित करें।
3. जनपद में कार्यरत दोनो टी.पी.आई.ए. अवशेष 25 एन.सी. का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करें तथा निस्तारण के समय सबसे पुरानी एन.सी. के निस्तारण को प्रथम वरीयता दी जाये। यदि निस्तारण नहीं हो रहा है तो कारण सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें ?।
4. आई.जी.आर.एस. एवं जे.जे.एम. पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण दोनों फर्म गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय किया जाना सुनिश्चित करें।
5. दोनों टी.पी.आई.ए. को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी योजनाओं पर वर्तमान तक कितने स्कीम में कितने किलोमीटर का रोड़ रेस्टोरेशन का सत्यापन किया गया है तथा सत्यापन में कितने किलोमीटर सड़क सही तरीके से पुर्नस्थापित नहीं पायी गयी एवं खराब पायी गई सड़कों में से कितने किलोमीटर सड़क का पुर्नस्थापन का कार्य दोनों फर्मों द्वारा कराया गया है की आख्या तैयार कर प्रस्तुत करें।
6. नामित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा सत्यापन हेतु शेष 44 पेयजल योजनाओं का सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें एवं सत्यापन होने की देरी की स्थिति में उन अधिकारियों की समीक्षा करायी जाए।

उपरोक्त निर्देश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

**(आनन्द कुमार शुक्ला)**
**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन**
**अम्बेडकरनगर**

पत्रांक / / दिनाँक

**प्रतिलिपि**-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अधिशासी निदेशक राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
3. अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. दोनों टी.पी.आई.ए. को समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश का अनुपालन किये जाने हेतु।
5. दोनों फर्म वेलस्पन एवं VTL कम्पनी अम्बेडकरनगर को अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन**
**अम्बेडकरनगर**